ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

पत्रांक : 3089/भा0वि0वि0/प0नि0का0/2025 दिनांक : 31 दिसम्बर, 2025

# आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं सम्पन्न हो गयी है। विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षाफल दिनांक 30.12.2025 को घोषित कर दिये गये हैं जो छात्र–छात्रा अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से सतुष्ट नहीं है वे छात्र निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुसरण कर चुनौती मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकते है।

**चुनौती मूल्यांकन प्रथम चरण**

1. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के प्रथम चरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 30 (तीस) दिन के अन्दर प्रति प्रश्नपत्र शुल्क रू0 300/– वित्त विभाग में जमा कर आवेदन कर सकते हैं।

**चुनौती मूल्यांकन द्वितीय चरण**

2. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के दूसरे चरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 45 (पैंतालिस) दिन के अन्दर शुल्क रू0 2500/– प्रति प्रश्न पत्र वित्त विभाग मे जमा कर आवेदन कर सकते हैं।

उपरोक्तानुसार चुनौती मूल्यांकन प्रक्रिया हेतु आवेदन पत्र उक्त निर्धारित समयावधि में (सोमवार से बृहस्पतिवार तक) परीक्षा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदित छात्र–छात्रायें अपने उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन प्रत्येक शुक्रवार (कार्यदिवस) को परीक्षा कार्यालय में उपस्थित होकर (प्रातः 10:00 से पूर्वाह्न 03:00 बजे तक) कर सकते हैं।

यह भी सूच्य है कि उक्त निर्धारित समय सीमा के उपरान्त चुनौती मूल्यांकन हेतु कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**(डॉ0 अताउर रहमान आज़मी)**
उप परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति, को माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव, को कुलसचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने स्तर से सम्बन्धित समस्त विद्यार्थियों को सूचित करना सुनिश्चित करें।
4. अधिष्ठाता शैक्षणिक।
5. समस्त सूचना पटल।
6. सम्बंधित पत्रावली/ गार्ड फाइल।

उप परीक्षा नियंत्रक